## सार-समाचार

### रामगंजमण्डी में शिव यात्रा निकाली

**रामगंजमण्डी,** (निसं)। महाशिवरात्रि के एक दिन बाद गुरुवार को रामगंजमंडी में प्रजापिता ब्रह्मा कुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय की स्थानीय शाखा द्वारा भव्य शोभायात्रा निकाली। यात्रा गोरधननाथ मंदिर से प्रारंभ हुई। यात्रा में गाड़ियों पर आकर्षक शिवलिंग की झांकियां सजाई गईं। बड़ी संख्या में माताएं बहनें परमात्म ध्वज और पताकाएं लेकर शामिल हुईं। शाखा संचालिका बी.के.शीतल दीदी ने हर चौराहे पर जीवन में शांति लाने हेतु यह राजयोग मेडिटेशन की विधि सीखने का संदेश दिया। साथ ही ब्रह्माकुमार प्रेम व ब्रह्माकुमार आनंद ने नुक्कड़ नाटक के माध्यम से लोगों को सामाजिक बुराईयों से दूर रहने और अध्यात्म से जुड़ने की प्रेरणा दी। यात्रा शहर के प्रमुख मार्गों से होते हुए बाजार नंबर 1, बाजार नंबर 3, पन्नालाल चौराहा, बाजार नंबर 4, सरकारी कुआँ चौराहा और माल गोदाम चौराहे से गुजरी। अंत में यात्रा गोरधननाथ मंदिर पर समाप्त हुई। मुख्य वक्ता बीके शीतल दीदी ने कहा कि शिव इस सृष्टि के संचालक हैं। उन्होंने लोगों से धर्म और आस्था के प्रति अटूट विश्वास बनाए रखने का आह्वान किया। रैली के अंत में स्थानीय प्रभारी दीदी ने सभी प्रतिभागियों का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में परमात्मा शिव के जन्मदिवस पर केक कटिंग व झंडारोहण के साथ सुंदर नृत्यों की प्रस्तुति भी दी गई।

### मोशन एजुकेशन में रक्तदान शिविर

**कोटा,** (निसं)। मोशन एजुकेशन के संस्थापक और सीसीईओ नितिन विजय ने कहा कि रक्तदान करके हम किसी को जीवनदान दे सकते हैं। इसलिए रक्तदान को महादान कहा गया है। वे गुरुवार को मोशन एजुकेशन के द्रोणा-2 कैंपस में रक्तदान शिविर के दौरान संबोधित कर रहे थे। मोशन की डायरेक्टर डॉ. स्वाति विजय ने बताया कि डोनेट किए गए ब्लड को उन रोगियों के लिए इस्तेमाल किया जाता है, जिन्हें सर्जरी या रोग के उपचार के दौरान जरूरत पड़ती है। कई बार सड़क दुर्घटना या चोट लगने पर भी खून की जरूरत पड़ती है और आपके आसपास सेम ब्लड ग्रुप के लोग मौजूद नहीं होते। ऐसे समय पर ब्लड बैंक ही है, जो आपकी मदद करता है। अगर ब्लड बैंक में पर्याप्त मात्रा में रक्त आसानी से उपलब्ध हो तो मरीजों को तुरंत इलाज मिल सकता है

### बोहरा समाज का पहला रोजा आज

**छबड़ा** (निसं)। कस्बे के शिया दाउदी बोहरा समाज द्वारा आज शुक्रवार को पहला रोज़ा रखकर रमज़ान के पवित्र महीने की शुरुआत की जाएगी। शिया दाउदी बोहरा समाज कमेटी छबड़ा के सदस्य मोइज़ अकबर बोहरा ने बताया कि रमज़ान माह की शुरूआत शुक्रवार से होगी व गुरुवार रात को ईशा की नमाज़ के बाद तरावीह की नमाज़ अदा की जाएगी।

# कोटा में रीट परीक्षा शांतिपूर्वक सम्पन्न

■ जिला कलेक्टर ने निरीक्षण किया

**कोटा,** (निसं)। राजस्थान अध्यापक पात्रता परीक्षा (रीट) जिले में गुरुवार को प्रथम एवं द्वितीय पारी में शांतिपूर्वक सम्पन्न हुई। परीक्षा के सफल संचालन के लिए जिले में कुल 171 परीक्षा केंद्र बनाए गए थे, जहां परीक्षार्थियों की सुविधाओं को ध्यान में रखते हुए समुचित व्यवस्थाएं सुनिश्चित की गई।

अतिरिक्त जिला कलेक्टर प्रशासन मुकेश चौधरी ने बताया कि जिले में परीक्षा दो पारियों में आयोजित की गई। प्रथम पारी के लिए 44 परीक्षा केंद्र निर्धारित किए गए थे, जहां कुल 13,605 परीक्षार्थी पंजीकृत थे, जिनमें से 11993 परीक्षार्थियों ने परीक्षा दी। इसी प्रकार, द्वितीय पारी में 67 परीक्षा केंद्रों पर 21,044 अभ्यर्थी पंजीकृत थे, जिनमें से 19559 परीक्षार्थियों ने परीक्षा में भाग लिया। कोटा में परीक्षा के पहले दिन 91.06 प्रतिशत परीक्षार्थियों ने परीक्षा दी। शुक्रवार को आयोजित होने वाली परीक्षा के लिए भी प्रशासन ने व्यापक तैयारियां की हैं। शुक्रवार को सुबह की पारी में 60 परीक्षा केंद्रों पर कुल 19,131 अभ्यर्थी पंजीकृत हैं। परीक्षा के दौरान किसी भी प्रकार की अव्यवस्था न हो, इसके लिए जिला प्रशासन द्वारा सख्त दिशा-निर्देश जारी किए गए हैं।

**कलेक्टर ने देखी परीक्षा केन्द्रों की व्यवस्थाएं:-** जिला कलेक्टर डॉ. रविंद्र गोस्वामी ने परीक्षा केन्द्रों पर जाकर रीट परीक्षा की व्यवस्थाएं देखी। डॉ. गोस्वामी सबसे पहले जे.के. लोन हॉस्पिटल के सामने महात्मा गांधी अंग्रेजी उच्च माध्यमिक विद्यालय (वोकेशनल) में बनाए गए रीट परीक्षा केंद्र पहुंचे और वहां अभ्यर्थियों की बायोमेट्रिक उपस्थिति प्रक्रिया के बारे में जानकारी ली। उन्होंने विभिन्न कक्षों में जाकर अभ्यर्थियों की उपस्थिति सहित अन्य व्यवस्थाओं के बारे में भी जानकारी ली। जिला कलक्टर नयापुरा स्थित राजकीय महाविद्यालय एवं आट्र्स कॉलेज स्थित परीक्षा केन्द्र पर भी गए। उन्होंने स्ट्रोंग रूम का भी निरीक्षण किया और वहां उपस्थित अधिकारियों से पेपर के परीक्षा केंद्र में वितरण को लेकर की गई व्यवस्था के बारे में जानकारी ली।

**समय पर पहुंचें, तय समय के बाद नहीं मिलेगा प्रवेश:-** अतिरिक्त जिला कलक्टर प्रशासन ने बताया कि परीक्षा केंद्रों पर प्रवेश के लिए निर्धारित समय सीमा का सख्ती से पालन किया जाएगा। परीक्षार्थियों को परीक्षा प्रारंभ होने के एक घंटा पूर्व तक ही प्रवेश की अनुमति होगी। अतः अभ्यर्थियों को समय से पहले परीक्षा केंद्रों पर पहुंचने की सलाह दी गई है।

**परीक्षा में कड़ी सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित:-** सीडीईओ के.के.शर्मा ने बताया कि परीक्षा की निष्पक्षता बनाए रखने के लिए बहुस्तरीय सुरक्षा एवं निगरानी व्यवस्था लागू की गई है। प्रत्येक केंद्र पर एरिया एवं जोनल अधिकारी, केंद्र पर्यवेक्षक, पेपर कॉ-ऑर्डिनेटर और फ्लाइंग स्क्वॉड तैनात किए गए हैं। अनुचित साधनों की रोकथाम के लिए सख्त प्रबंध किए गए हैं, जिसमें बायोमेट्रिक उपस्थिति, फेस रिकॉग्निशन और फ्रीस्किंग जैसी आधुनिक तकनीकों का उपयोग किया जा रहा है। परीक्षार्थियों को अपने प्रवेश पत्र, काला या नीला बॉलपेन और आधार कार्ड एवं अन्य मान्य पहचान पत्र की स्वप्रमाणित प्रति अनिवार्य रूप से साथ लाने के निर्देश दिए गए हैं।

## गर्भवतियों की जांची सेहत

■ निःशुल्क सोनोग्राफी के मां वाउचर दिए

**कोटा,** (निसं)। प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान गुरूवार को 82 चिकित्सा संस्थानों पर आयोजित हुआ। अभियान में गर्भवती महिलाओं की प्रसव पूर्व स्वास्थ्य जांच की और परामर्श दिया गया।

सीएमएचओ डॉ नरेन्द्र नागर ने बताया कि अभियान में 916 गर्भवतियों का बीपी लिया गया, 909 का तापमान नोट किया, 887 गर्भवतियों के रक्त की जांच की गई। 789 गर्भवतियों को आईएफए की गोलियां और 33 को आईवी आयरन सुक्रोज दिया गया। साथ ही गर्भवतियों की विभिन्न जांचे ब्लड, यूरीन टेस्ट, हीमोग्लोबिन, बीपी, शुगर, वजन, ऊंचाई आदि जांची गई। 31 गर्भवतियों की सोनाग्राफी जांच की गई। इस दौरान 53 गर्भवती महिलाओं में जजिटला हाई रिस्क पाई गई। गर्भवतियों को प्रसव की तैयारी एवं परिवार नियोजन की जानकारी भी दी गई। आरसीएचओ डॉ रमेश कारगवाल ने बताया कि अभियान में कई केंद्रों पर दूसरी या तीसरी तिमाही में चल रही कई गर्भवती महिलाओं को नजदीक के निजी सोनोग्राफी सेंटर पर एक निःशुल्क सोनोग्राफी जांच के लिए मां वाउचर योजना के कूपन भी जारी किए गए हैं। अभियान में गर्भवतियों को शिशुओं के स्तनपान, पोषण व टीकाकरण के बारे में भी बताया गया। पोष्टिक आयरयुक्त आहार, मिलेट्स लेने की सलाह दी गई। गर्भवतियों का टीकाकरण भी किया गया। विभाग के अधिकारियों ने अभियान की मॉनिटरिंग की। गर्भवतियों की गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य जांच के लिए अभियान हर माह 9, 18 और 27 तारीख को आयोजित किया जाता है। किसी माह इन तिथियों पर राजकीय अवकाश पड़ने पर अगले कार्य दिवस पर यह अभियान आयोजित किया जाता है।

## बॉडी बिल्डिंग प्रतियोगिता में युवाओं ने दम दिखाया

**छबड़ा** (निसं)। छबडा में जिम संचालक साकिब खान द्वारा दूसरी बार हिलव्यू होटल में मिस्टर बारां बॉडी बिल्डिंग प्रतियोगिता आयोजित की गई, जिसमें पूरे बारां जिले से 70 खिलाडियों ने भाग लिया।

प्रतियोगिता में छबडा के गोलू नामदेव ने 50 किलो वर्ग में प्रथम स्थान प्राप्त कर "मिस्टर बारां" का खिताब जीता। 60 किलो वर्ग में अमन खालिद खान दूसरे और 75 किलो वर्ग में मोहित जाटव तीसरे स्थान पर रहे। वही, बारां निवासी क्रॉसफिट जिम के हेमंत शर्मा ने ओवरऑल का खिताब अपने नाम किया। आरिफ़ ख़ान द्वितीय रनर अप रहे और मोस्ट मस्क्युलर का ख़िताब जीता। बेस्ट पॉज़र का ख़िताब श्याम साहू ने अपने नाम किया।

गोलू नामदेव बेस्ट इम्प्रूवर भी बने। मेन फ़िसिक प्रतियोगिता में छबडा के क्रॉसफिट टाइगर शब्बीर खान चैम्पियन बने और मेन फिजिक में दूसरे स्थान पर रहे और तीसरे स्थान पर अमन ख़ान रहे। 80 किलो वर्ग में सलमान ने अपना जलवा दिखा कर प्रथम स्थान प्राप्त किया। जुगनू शेर ख़ान ने विकलांग कोटे में खेल कर प्रथम स्थान प्राप्त किया।

क्रॉस फिट जिम के मालिक साकिब ख़ान ने बताया की छबडा की धरती पर कभी ऐसे प्रोग्राम नहीं हुए है। उनका उद्देश्य छबड़ा के युवाओं को नशे से बचाकर सही रास्ते पर लाना है। उन्होंने इस खेल को आगे बढाने का संकल्प लिया।

पंजाब से आए जज शिवम मल्होत्रा, श्रवण सिंह, बबलू यादव (बिहार) और इमरान खान ने प्रतियोगिता का संचालन किया। श्रवण और बबलू यादव ने गेस्ट पोजिंग में अपनी बॉडी दिखाकर दर्शकों की खूब वाहवाही लूटी। कार्यक्रम में साकिब ख़ान ने छबड़ा के गणमान्य व्यक्तियों निजामुद्दीन खान, इकबाल बुलंद, हरीश माहेश्वरी, शफीक अहमद खान आदि को साफा पहनाकर सम्मानित किया। कार्यक्रम में मंच संचालन डॉ. ताहिर खान ने किया और अपने अनोखे अंदाज से लोगों का मनोरंजन किया।

दर्शकों ने इस कार्यक्रम को बहुत बडा और सफल बताया और साकिब खान के प्रयासों की सराहना की। सोमवार को क्रॉसफिट जिम में प्रोफेसर रहीम खान और एडवोकेट हस्सान खान ने बॉडी बिल्डिंग चैंपियनशिप के विजेताओं का सम्मान किया। प्रोफेसर रहीम खान ने सभी विजेताओं को बधाई देते हुए कहा कि युवाओं को नशा छोडकर अपनी सेहत पर ध्यान देना चाहिए, पहला सुख निरोगी काया को ही बताया गया है। क्रॉसफिट जिम ऑनर शाकिब खान ने सभी अतिथियों का आभार जताया।

## 'समाज में अनुशासन का भाव जागृत होना चाहिए'

**कोटा,** (निसं)। पाणिनि संयुक्त विद्यार्थी सायं शाखा का वार्षिक उत्सव विवेकानंद शाखा स्थल पर संपन्न हुआ। जिसमें मुख्य वक्ता प्रांत प्रचारक मुरलीधर रहे। महानगर संघचालक गोपाल गर्ग और नगर संघचालक सत्यनारायण कांसठ का सानिध्य प्राप्त हुआ। प्रान्त प्रचारक मुरलीधर ने अपने उद्‌बोधन में सभी को स्वदेशी भाव, सेवा भाव, समर्पण भाव के साथ देशभक्ति के भाव के बारे में बताया। मुख्य वक्ता ने बताया कि शाखा में संस्कृति व अनुशासन का भाव सिखाया जाता है। गण शिक्षक जो आज्ञा दे दे, उसका पालन सभी को करना होता है। अगर बैठने के लिए कहा जाए तो सब एक साथ बैठते हैं। समता में पैर से पैर मिलता है। आज सार्वजनिक जीवन में जितना बड़ा अधिकारी होता है उतना ही अनुशासन तोड़ता है, आज आवश्यकता इस बात की है कि अनुशासन का भाव समाज में जागृत होना चाहिए कि मुझे अनुशासन पालन करना है।

## 21 कुंडीय बृहद् देव यज्ञ

**कोटा,** (निसं)। आर्य समाज कोटा द्वारा ऋषि बोधोत्सव पर 21 कुंडीय बृहद्देव यज्ञ का आयोजन किया गया। इस बारे में विस्तृत जानकारी देते हुए कार्यक्रम के संयोजक राकेश चड्ढा ने बताया कि महर्षि दयानंद सरस्वती के बोधोत्सव पर आर्य उपप्रतिनिधि सभा कोटा संभाग द्वारा विज्ञान नगर स्थित योग भवन पार्क में 21 कुंडीय बृहद्देव यज्ञ का आयोजन किया गया। चड्ढा ने बताया कि यज्ञ में संपूर्ण विश्व में शांति एवं मंगल कामना के लिए विशेष औषधीय सामग्री से बृहद् देव यज्ञ की आहुतियां प्रदान की गई।

## निःशुल्क विवाह सम्मेलन 2 मार्च को

**कोटा,** (निसं)। इनरव्हील क्लब कोटा आगामी 2 मार्च 2025 को रोटरी बिनानी सभागार में 30 जरूरतमंद जोड़ों का सर्वजातीय सर्वधर्म निःशुल्क सामूहिक विवाह सम्मेलन आयोजित करेगा। इस पुनीत आयोजन में सभी जोड़ों का पाणिग्रहण संस्कार वैदिक विधि-विधान से संपन्न कराया जाएगा। क्लब अध्यक्ष चारू जैन और सचिव डॉ.नीता जैन ने बताया कि 30 दूल्हों की भव्य बारात शीतला माता मंदिर, न्यू कॉलोनी, गुमानपुरा से 30 घोड़ियों पर सवार होकर बैंड बाजों की धुन पर रवाना होगी और रोटरी बिनानी सभागार तक पहुंचेगी। क्लब सदस्याएं, क्लब अधिकारी और बाराती नाचते गाते हुए गंतव्य स्थान तक जाएंगे। वाईस प्रेसीडेंट निशा जैन वेद सम्मेलन के मुख्य अतिथि के रूप में लोकसभा स्पीकर ओम बिरला नवयुगलों को आशीर्वाद देंगे। प्रांत 305 की प्रांतीय अध्यक्ष स्वाति गुप्ता विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगी। क्लब अध्यक्ष चारू जैन और सचिव डॉ.नीता जैन ने बताया कि सभी क्लब सदस्यों के आर्थिक सहयोग से नवयुगलों को गृहस्थी का सारा सामान दिया जाएगा। प्रोजेक्ट चेयरमैन पूनम गोयल और को-चेयरमैन किरण अग्रवाल इस विशाल सम्मेलन की व्यवस्थाओं का संचालन करेंगी। मीडिया कॉ-ऑर्डिनेटर निशा जैन ने बताया कि क्लब का यह स्गनेचर प्रोजेक्ट है और वर्षो से क्लब इस प्रोजेक्ट को करता आया है। रोटरी क्लब के पदाधिकारी, अन्य क्लबों के पदाधिकारी, क्लब सदस्य, पीडीसी, पास्ट प्रेसिडेंट्स और एग्जीक्यूटिव मेंबर्स भी इस अवसर पर उपस्थित रहेंगे।

## सार-समाचार

### टारगेट बॉल प्रतियोगिता का आयोजन

**कोटा,** (निसं। अखिल भारतीय अन्तर विश्वविद्यालय टारगेट बॉल (पुरुष व महिला) प्रतियोगिता का आयोजन 03 मार्च से जय मीनेश आदिवासी विश्वविद्यालय, रानपुर, कोटा द्वारा भारतीय विश्वविद्यालय संघ, नई दिल्ली द्वारा आंवटित अखिल भारतीय अन्तर विश्वविद्यालय टारगेट बॉल (पुरुष व महिला) प्रतियोगिता का आयोजन 03 मार्च से जय मीनेश आदिवासी विश्वविद्यालय, रानपुर, कोटा द्वारा किया जा रहा है। विश्वविद्यालय के चेअरपर्सन आर.डी.मीणा ने बताया कि दिनांक 03 मार्च से 6 मार्च के मध्य इस प्रतियोगिता का विधिवत आयोजन विश्वविद्यालय परिसर में स्थित ऑलम्पियन जयपाल सिंह मुण्डा स्टेडियम मे किया जा रहा है। यह यह दूसरा अवसर है जबकि भारतीय विश्वविद्यालय संघ द्वारा टारगेट बॉल प्रतियोगिता का आयोजन राष्ट्रीय स्तर पर किया जा रहा है। इस प्रतियोगिता में भारतवर्ष के लगभग सभी प्रान्तों से विविध विश्वविद्यालय प्रतिभागी होंगे। जय मीनेश आदिवासी विश्वविद्यालय, रानपुर, कोटा द्वारा आयोजन को भव्य व लोकप्रिय बनाने की दृष्टि से इसकी तैयारियां जोरो पर की जा रही है। यह प्रतियोगिता भारतीय स्तर पर पुरूष व महिला दोनों वर्गो में आयोजित की जा रही है। जिसमें टारगेट बॉल खेल से संबंधी अन्तर्राष्ट्रीय व राष्ट्रीय स्तर के पदाधिकारी भी उपस्थित रहेंगे।

### नदियों के संरक्षण पर विशेष कार्यक्रम

**कोटा,** (निसं)। कोटा विश्वविद्यालय, कोटा के वन्यजीव विज्ञान विभाग द्वारा वाईल्डलाईफ इंस्टीट्यूट ऑफ इंडिया के तत्वावधान में "अमृतधारा-नदियों का महोत्सव" में नदियों के संरक्षण और उनकी महत्ता पर विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर समन्वयक डॉ. सपना भार्गव की अध्यक्षता में कार्यक्रम में प्रश्नोत्तरी तथा नारा प्रतियोगिताओं के साथ-साथ पर्यावरण विशेषज्ञ रिंकू यादव ने गंगा पुनर्जीवन और नदी तंत्र पर एक सारगर्भित व्याख्यान दिया, जिसमें उन्होंने भारत की नदियों के सतत् प्रबंधन और संरक्षण की आवश्यकता पर जोर देते हुए गंगा नदी के पारिस्थितिक, ऐतिहासिक और सांस्कृतिक महत्व पर प्रकाश डाला तथा इसके समक्ष मौजूद चुनौतियों जैसे प्रदूषण, पारिस्थितिक क्षरण और जलवायु परिवर्तन के प्रभावों पर चर्चा की। उन्होंने नमामि गंगे कार्यक्रम सहित विभिन्न सरकारी पहलों का उल्लेख किया, जो गंगा को पुनर्जीवित करने के लिए चलाई जा रही हैं। उन्होंने नदियों के संरक्षण में स्थानीय समुदायों की भागीदारी, जैव विविधता की रक्षा, और सतत् विकास के लिए वैज्ञानिक शोध दृष्टिकोण अपनाने की आवश्यकता पर बल दिया।

### वार्षिक उत्सव मनाया

**कोटा,** (निसं)। सेवा भारती कोटा महानगर के बाल संस्कार केन्द्र, नयागांव का वार्षिक उत्सव धूमधाम से मनाया गया। भारतमाता, सरस्वती देवी के चित्रों के समक्ष अतिथियों ने दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम शुरू किया। बच्चों ने कविता, गीत एवं नृत्य का सुन्दर प्रदर्शन किया। मुख्य वक्ता सेवा भारती कोटा महानगर के सह मंत्री योगेश गुप्ता ने बच्चों द्वारा प्रस्तुत कार्यक्रम की प्रशंसा की। उपस्थित सभी माताओं बहिनों से आग्रह किया कि बच्चों को संस्कार केन्द्र पर भेजे। उन्होंने सेवा भारती द्वारा संचालित प्रकल्पों के बारे में बताया। कार्यक्रम के अध्यक्ष विनोद गोडाला ने बच्चों की प्रस्तुति देखकर बच्चों व शिक्षिका की प्रशंसा की। कार्यक्रम की व्यवस्था में विषेष सहयोग महेश बंजारा पत्थर व्यवसायी नयागांव एवं दीपक सिंघल टेंट व्यवसायी श्रीनाथपुरम् द्वारा किया गया। कार्यक्रम का संचालन बाल संस्कार केन्द्र शिक्षिका सीमा भील द्वारा किया गया। सेवा भारती कोटा महानगर सह चिकित्सा आयाम प्रमुख हरिओम शर्मा ने आभार व्यक्त किया।

### माँ का नेत्रदान कराया

**कोटा,** (निसं)। शाईन इंडिया फाउंडेशन के जागरूकता अभियान से, प्रेरित होकर न्यू जवाहर नगर निवासी व्यवसायी देवेंद्र जैन, ने अपनी माता विमला देवी जैन के आकस्मिक निधन के उपरांत संस्था के सहयोग से नेत्रदान का कार्य संपन्न करवाया। सहज, सरल और धार्मिक विचारों वाली विमला देवी जैन धर्म में आस्था रखने के साथ-साथ साधु-संतों की सेवा में भी काफी विश्वास रखती थी। उन्हीं के सेवा कार्यों से प्रेरित होकर जैसे ही, उनका निधन हुआ देवेंद्र ने तुरंत ही नेत्र संपन्न करवाया।

### कार्यालय नगर निगम, कोटा-उत्तर

क्रमांकः ननिको(उ.)/कार्मिक-द्वितीय/2025/14638-39 दिनांक :- 21.02.2025

-:: नोटिस ::-

निमित- श्री अर्जुन पुत्र श्री राजू
सफाई कर्मचारी, नगर निगम कोटा उत्तर,
पता- गणेशपुरा, कच्ची बस्ती, कोटा जं. कोटा (राजस्थान)

आपको जरिये प्रेस विज्ञप्ति सूचित किया जाता है कि कार्यालय आदेश क्रमांक 685-95 दिनांक 06.05.2010 के अनुसार सफाई कर्मचारी पद पर नियुक्ति दी गई थी। आप द्वारा अपनी ड्युटी ज्वाईनिंग करने के उपरान्त स्वैच्छा से अनुपस्थित रहने पर नोटिस क्रमांक 11942 दिनांक 03.01.2025 से स्पष्टीकरण उपायुक्त मुख्यालय में प्रस्तुत करने हेतु निर्देशित किया गया था। जिसका जवाब आप द्वारा आज दिनांक 19.02.2025 तक नहीं प्रस्तुत किया गया है। नोटिस प्राप्ति के उपरान्त भी आप कार्य पर उपस्थित नहीं होकर लगातार अनुपस्थित चल रहे है, जो स्वैच्छा से अनुपस्थिति की श्रेणी में आता है। क्यों न आपके खिलाफ आर.एस.आर. के नियम 86(3) के अन्तर्गत कार्यवाही अमल में लाई जावे। इस संबंध में आप अनुपस्थित रहने के ठोस कारणों के साथ अपना पक्ष अन्दर सात योम में प्रस्तुत करें अन्यथा मियाद एकतरफा कार्यवाही कर दी जावेगी।

राज.संवाद/सी/24/12343 अतिरिक्त आयुक्त

### MANAPPURAM FINANCE LTD.

CIN : L65910KL1992PLC006623
Registered Office: W - 4/ 638A, Manappuram House, P.O. Valapad, Thrissur - 680 567, Kerala, India

**निलामी सूचना**

विशेषकर गिरवीकर्ताओं और सामान्य रूप में जनता को एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि निम्नलिखित अकाउंट्स में रखे गए सोने के आभूषणों की सार्वजनिक नीलामी निम्नलिखित शाखाओं पर दिनांक 17.03.2025 को सुबह 10.00 बजे से किया जाएगा. हम ऐसे डिफॉल्टर ग्राहकों के सोने के आभूषणों की नीलामी करने जा रहे हैं जिन्होंने रजिस्टर्ड पत्र द्वारा सूचित किए जाने के बावजूद अपने लोन की रकम नहीं चुकाई है. जिन आयटम्स की नीलामी नहीं हो पाएगी, उनकी नीलामी किसी अन्य दिन बिना पुन: सूचना दिए की जाएगी. नीलामी के स्थान व तिथि (अगर कोई हो) में परिवर्तनों की कोई सूचना नीलामी केन्द्र या वेबसाइट पर लगाई जाएगी तथा इस बारे में कोई अन्य सूचना नहीं दी जाएगी.

गिरवियों की सूची :
भरतपुर, भरतपुर, 138080700002126, भरतपुर, 138000700002024, कोटा, गुमान पुरा, 112700700034061, 4088, 112700730060364, 112700750000266, 112700780000084, केशवपुरा कोटा, 114320700024690, कोटा जंक्शन, 112630700028413, 112630730040662, 0670, नयापुरा कोटा, 112380700026938, 112380730036743, 6840, सवाई माधोपुर, सवाई माधोपुर, 135230700007775,

उपरोक्त नीलामी में भाग लेने के इच्छुक व्यक्तियों को निम्नलिखित का पालन करना होगा:- इच्छुक बोलीकर्ताओं को ईएमडी के रूप में रू.10,000/- नीलामी के दिन नकद जमा कराना होगा (असफल बोलीकर्ताओं को बाद में लौटा दिया जाएगा). बोलीकर्ता को वैध पहचना प्रमाण/पैन कार्ड साथ लेकर आना होगा. अधिक जानकारी के लिए कृपया 8089292353 पर संपर्क करें.

अधिकृत अधिकारी
मणप्पुरम फायनेंस लि. हेतु

### कोटा विकास प्राधिकरण, कोटा

क्रमांक:-एफ-11/विक्रय/2025/1042 दिनांक:-25.2.2025

**नाम हस्तान्तरण चाहने बाबत आम सूचना**

नगर विकास न्यास कोटा द्वारा भूखण्ड संख्या 218 मुकुन्दरा विहार विस्तार आवासीय योजना में आवंटन पत्र क्रमांक 48 दिनांक 10.03.2021 को श्री मारूती नन्दन शर्मा पुत्र श्री घनश्याम शर्मा के नाम आवंटन किया गया था। श्री मारूती नन्दन शर्मा पुत्र श्री घनश्याम शर्मा द्वारा उक्त भूखण्ड का जर्ये मुख्तारआम श्री बालचन्द शर्मा पुत्र श्री रामनारायण द्वारा जर्ये रजिस्टर्ड विक्रय पत्र दिनांक 29.03.2024 को श्री अमन जैन पुत्र श्री कमल कुमार जैन एवं श्री अक्षय जैन पुत्र श्री सत्यनारायण जैन को विक्रय कर दिया गया है। अत: श्री अमन जैन पुत्र श्री कमल कुमार जैन एवं श्री अक्षय जैन पुत्र श्री सत्यनारायण जैन द्वारा उक्त भूखण्ड का स्वामित्व अपने नाम से नामहस्तान्तरण करने हेतु न्यास में आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

अत: जरिये आम सूचित किया जाता है कि यदि इस नाम हस्तान्तरण की स्वीकृति देने में किसी को भी कोई ऐतराज हो तो विज्ञप्ति जारी होने के 7 दिवस के अन्दर-अन्दर अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर दें, अन्यथा मियाद गुजरने के पश्चात उक्त भूखण्ड संख्या 218 मुकुन्दरा विहार विस्तार आवासीय योजना का नाम हस्तान्तरण श्री अमन जैन पुत्र श्री कमल कुमार जैन एवं श्री अक्षय जैन पुत्र श्री सत्यनारायण जैन के नाम स्वीकृति जारी कर दी जावेगी।

उपायुक्त कोटा विकास प्राधिकरण, कोटा

### कार्यालय कोटा विकास प्राधिकरण, कोटा

क्रमांक:-एफ-15/कृ.भू.रू./2025/3406 **विज्ञप्ति** दिनांक:-27.2.2025

सर्व साधारण को जर्ये विज्ञप्ति सूचित किया जाता है कि ग्राम कोटडी में स्थित कृषि भूमि योजना अटवाल नगर भूखण्ड संख्या 4-ए-18 खसरा नं. 206 आवेदक/आवेदिका श्रीनिवास भारद्वाज पुत्र श्री छीतरलाल एवं श्रीमती सरोज भारद्वाज पत्नि श्री श्रीनिवास भारद्वाज निवासी 18-ए गायत्री नगर बून्दी राज. द्वारा ऑनलाईन नाम हस्तान्तरण हेतु प्राधिकरण कार्यालय में आवेदन प्रस्तुत किया गया है। उक्त भूखण्ड का पट्टा क्रमांक 7318 दिनांक 25.02.2010 को राबर्ट डिमेलो पुत्र श्री पेट्रिक डिमेलो एवं श्रीमती सुमना डिमेलो पत्नि श्री राबर्ट डिमेलो के पक्ष में जारी किया गया था। पट्टाधारी द्वारा उक्त भूखण्ड का बैचान जर्ये रजि. विक्रय पत्र दिनांक 28.03.2012 को जर्ये मुख्तारआम श्रीमती रंजनी कपूर पत्नि श्री राकेश कपूर एवं श्रीमती मोनिका कपूर पत्नि श्री मुकेश कपूर द्वारा आवेदको के पक्ष में किया गया है।

अत: श्रीनिवास भारद्वाज पुत्र श्री छीतरलाल एवं श्रीमती सरोज भारद्वाज पत्नि श्री श्रीनिवास भारद्वाज के पक्ष में नाम हस्तान्तरण जारी किये जाने में यदि किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो अन्दर 7 योम कार्यालय में उपस्थित होकर अथवा लिखित में अद्योहस्ताक्षरकर्ता को प्रस्तुत करें। मियाद गुजर जाने के बाद आपत्ति मान्य नही होगी।

उपायुक्त कोटा विकास प्राधिकरण, कोटा

### राजस्थान आवासन मण्डल कोटा वृत्त कोटा

क्रमांक 4605 **जाहिर आम सूचना** दिनांक - 27.2.25

आवास संख्या 3-आई-42 महावीर नगर विस्तार योजना कोटा का आवंटन मंडल द्वारा श्री लक्ष्मीरमण गोयल पुत्र श्री एम.एल. गोयल को किया गया था। इस आवास का नियमितिकरण श्री सुरेश चन्द शर्मा पुत्र श्री रामकल्याण शर्मा के नाम दिनांक 15.03.2002 को किया गया। इस आवास का पंजीयन श्री सुरेश चन्द शर्मा पुत्र श्री रामकल्याण शर्मा द्वारा दिनांक 27.0.2002 को अपने पक्ष में करवाया जा चुका है। पंजीयन उपरांत श्री सुरेश चन्द शर्मा पुत्र श्री रामकल्याण शर्मा द्वारा इस आवास से संबंधित समस्त कार्य करने हेतु अपनी ओर से दिनांक 28.11.2005 को श्री नेमीचन्द जेठवानी पुत्र श्री मंगू मल जेठवानी को मुख्तारआम नियुक्त किया गया। श्री नेमीचन्द जेठवानी पुत्र श्री मंगू मल जेठवानी मुख्तार आम श्री सुरेश चन्द शर्मा पुत्र श्री रामकल्याण शर्मा द्वारा मुख्तारआम की हैसियत से उक्त आवास का बैचान जरिये विक्रय पत्र आलेखित कर दिनांक 04.02.2006 को श्री संतोष कुमार मीणा पुत्र श्री खेतीलाल मीणा को किया गया। श्री संतोष कुमार मीणा पुत्र श्री खेतीलाल मीणा द्वारा इस आवास से संबंधित समस्त कार्य करने हेतु अपनी ओर से दिनांक 29.11.2007 को श्री सीताराम प्रजापति पुत्र श्री रामनारायण को मुख्तारआम नियुक्त किया गया। श्री सीताराम प्रजापति पुत्र श्री रामनारायण मुख्तारआम श्री संतोष कुमार मीणा पुत्र श्री खेतीलाल मीणा द्वारा मुख्तारआम की हैसियत से उक्त आवास का बैचान जरिये विक्रय पत्र आलेखित कर दिनांक 14.03.2008 को श्री मनोज कुमार शर्मा पुत्र श्री कैलाश चन्द्र शर्मा को किया गया। श्री मनोज कुमार शर्मा पुत्र श्री कैलाश चन्द्र शर्मा द्वारा उक्त आवास का बैचान जरिये विक्रय पत्र आलेखित कर दिनांक 27.04.2015 को श्रीमती सीमा गर्ग पत्नी डॉ. घनश्याम अग्रवाल को किया गया। श्रीमती सीमा गर्ग पत्नी डॉ. घनश्याम अग्रवाल द्वारा उक्त आवास का बैचान जरिये विक्रय पत्र आलेखित कर दिनांक 03.05.2024 को श्री नरेश कुमार मीणा एवं श्री सुरेन्द्र मीणा पुत्रान् श्री श्याम बिहारी मीणा को संयुक्त रुप से किया गया। श्री नरेश कुमार मीणा एवं श्री सुरेन्द्र मीणा पुत्रान् श्री श्याम बिहारी मीणा द्वारा इस कार्यालय में प्रतिवेदन प्रस्तुत कर आवास संख्या 3-आई-42 महावीर नगर विस्तार योजना कोटा को विक्रय पत्र के आधार पर अपना नाम आवास के मंडल अभिलेख में संयुक्त रुप से दर्ज करने हेतु आवेदन किया गया है।

अत: उक्त आवास के मंडल अभिलेख में विक्रय पत्र के आधार पर श्री नरेश कुमार मीणा एवं श्री सुरेन्द्र मीणा पुत्रान् श्री श्याम बिहारी मीणा का नाम संयुक्त रुप से दर्ज करने में किसी भी पक्षकार/व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो 15 दिवस के अन्दर इस कार्यालय को सूचित करें। अन्यथा यह मानते हुये कि उक्त आवास के मंडल अभिलेख में विक्रय पत्र के आधार पर श्री नरेश कुमार मीणा एवं श्री सुरेन्द्र मीणा पुत्रान् श्री श्याम बिहारी मीणा का नाम संयुक्त रुप से दर्ज किये जाने में किसी भी व्यक्ति/पक्षकार को कोई आपत्ति नहीं है। उक्त आवास के मंडल अभिलेख में विक्रय पत्र के आधार पर श्री नरेश कुमार मीणा एवं श्री सुरेन्द्र मीणा पुत्रान् श्री श्याम बिहारी मीणा के नाम संयुक्त रुप से दर्ज कर दिया जावेगा।

उप आवासन आयुक्त राजस्थान आवासन मण्डल, कोटा वृत्त कोटा

### खोया पाया

मेरे पिता (मोहन लाल पारीक) को आवंटित विला नंबर A-108 स्वीट होम, आनंद लोक, कालवाड रोड जयपुर की अलॉटमेंट पुस्तिका (आवंटन पुस्तिका), रसीदें एवम इस मकान से सम्बंधित कुछ अन्य दस्तावेज टीचर्स कॉलोनी गुमानपुरा से वल्लभबाड़ी के मध्य खो गए हैं। पहुंचाने वाले को उचित इनाम दिया जायेगा। संदीप पारीक, 4 टीचर्स कॉलोनी गुमानपुरा कोटा मो.9460848148

### नाम परिवर्तन

मैंने अपना पुराना नाम MOHD HUSEEN से बदलकर नया नाम MOHAMMAD HUSAIN रख लिया है। भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना पहचाना जावे।

**पता-मोहम्मद हुसेन पुत्र जुम्मा भाई, 67 पुलिस चौकी के पीछे घण्टाघर, कोटा**

### आम सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि हमारी फर्म जोशी क्रेशर्स रजि.नम्बर/1219/79 से पंजीकृत है। हमारी फर्म की भागीदार श्रीमती रानी जोशी W/O हरीकृष्ण जोशी का स्वर्गवास दिनांक 22.7.2024 को हो जाने के कारण उन्हें रिटायर कर दिया गया है।

फर्म के विधान परिवर्तन बाबत् किसी को आपत्ति हो तो रजिस्ट्रार, रजिस्ट्रार ऑफ फर्म कोटा को सूचित करें।

अविरल कृष्ण जोशी, भागीदार
जोशी क्रेशर्स, 412 शोपिंग सेन्टर कोटा

### आम सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि श्रीमती इन्द्रा पत्नी स्व. रामप्रसाद निवासी इन्द्रा कॉलोनी, बस स्टेण्ड, मण्डाना, जिला कोटा के स्वामित्व का एक मकान नं. 824 पैमाईशी 55 वर्गमीटर वाके अनन्तपुरा आवासीय योजना, कोटा (राज.) में स्थित है। उक्त मकान को श्रीमती इन्द्रा व उनके पति श्री रामप्रसाद के द्वारा संयुक्त रूप से सीमा मीणा पत्नी बिरधीलाल मीणा से जरिये विक्रय पत्र दिनांक 07.01.2020 से क्रय किया गया था। श्री रामप्रसाद का स्वर्गवास दिनांक 10.01.2023 को हो चुका है। श्री रामप्रसाद जी का स्वर्गवास होने के पश्चात उनके वारिसान उत्तराधिकारी अनिता मीणा (पुत्री) रवि मीणा (पुत्र) एवं श्रीमती इन्द्रा (पत्नी) उक्त मकान के संयुक्त रूप से स्वामी बनें। इसके पश्चात अनिता मीणा व रवि मीणा द्वारा उक्त मकान में निहित अपने हिस्से का हक त्याग अपनी माता श्रीमती इन्द्रा के पक्ष में जरिये रिलीज डीड (हक त्याग पत्र) दिनांक 18.09.2024 से किया गया, जिसका पंजीयन उप पंजीयक कार्यालय, कोटा में दिनांक 18.09.2024 को हो रहा है। श्रीमती इन्द्रा द्वारा बैंक ऑफ बडौदा शाखा रामपुरा, कोटा से उक्त सम्पत्ति को साम्यक् बंधक रख ऋण लेने हेतु आवेदन किया है। अगर किसी व्यक्ति, वित्तीय संस्था को इस संबंध में किसी भी प्रकार की आपत्ति हो तो मय दस्तावेज प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस की अवधि में मेरे समक्ष लिखित आपत्ति मय दस्तावेज प्रस्तुत करें। बाद गुजरने मियाद सूचना कोई आपत्ति मान्य नही होगी। सूचित हो।

राजेन्द्र मंगल, एडवोकेट
कोटा मो.नं.-9414802953
दिनांक 27.02.2025


